>

Title: Need to provide basic amenities in the panchayats of Allahabad district, Uttar Pradesh.

श्री कपिल मुनि करवारिया (फूलपुर): फूलपूर संसदीय क्षेत्र स्थित नगर पंचायत लालगोपालगंज, मऊआइमा, फूलपूर व झूसी जनपद इलाहाबद की महत्वपूर्ण नगर पंचायतें हैं जहां एक बड़ी आबादी निवास करती है । उक्त नगर पंचायतों में आवश्यक प्राथमिक सुविधाएं सड़क, बिजली व पेयजल व

जल निकासी हेतु नाली तथा सीवर लाइनों की उपयुक्त व्यवस्था नहीं है ।

किसान, मजदूर, व्यापारी वर्ग उक्त मूलभूत आवश्यक सुविधाओं के अभाव में दयनीय जीवन जीने के लिए विवश है और उन्हें दैनिक कार्यों के निÂष्पादन में घोर असुविधा होती है । जनपद इलाहाबाद की महत्वपूर्ण नगर पंचायत लालगोपालगंज, मऊआइमा, फूलपूर, व झूसी में सड़क, बिजली, पेयजल व जल निकासी हेतु नाली तथा सीवर लाइन जैसी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है ।

अतः सरकार से मेरा आग्रह है कि उक्त नगर पंचायतों को जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना में शामिल कर उपरोक्त सुविधाओं से विकसित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने का कÂष्ट करें ।